।।कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर।।

कमांक: न-5(03)पु.फो./कानि. भर्ती-25/2025/**1940** दिनांक-**23.05.2025**

## <u>कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 के ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु विज्ञप्ति</u>

इस कार्यालय की विज्ञप्ति कमांक 1360, 1361 दिनांक 09.04.2025 एवं प्रेस नोट कमांक 1817 दिनांक 15.05.2025 द्वारा विभिन्न जिला/यूनिट/बटालियन में कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैण्ड एवं पुलिस दूरसंचार के कानि0/चालक के 10000 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए दिनांक 25.05.2025 तक योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाईन (online application form) आमंत्रित किए गए है।

भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति अनुसार आवेदन पत्र भरे जाने की अन्तिम दिनांक से 05 दिवस तक भरे गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन का अवसर दिया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु अभ्यर्थी को 300/- शुल्क देना होगा। **<u>अभ्यर्थी आवेदन पत्र में स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक, जेण्डर, पदनाम एवं आवेदन पत्र की संख्या (Application ID) के अतिरिक्त कोई भी संशोधन कर सकता है।</u>** ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन दिनांक 26.05.2025 से 30.05.2025 को 23.59 बजे तक किया जा सकेगा।

यह ध्यान रखा जावे कि आवेदक अपनी SSO ID & PASS WORD अन्य किसी को साझा नहीं करें। SSO ID & PASS WORD के आधार पर हुए संशोधन के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। **निर्धारित दिनांक के पश्चात आवेदन पत्र में कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

23/5/25

(बिपिन कुमार पाण्डेय)
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।